| | | | | | 4—अखबारी कागज और आर्ट पेपर के आयात लाइसस के लिए आवेदन पत्र भारत के समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार, नई दिल्ली के पास यथाशीघ्र पहुंच जाने चाहिए, किन्तु 1 सितम्बर, 1972 के बाद नहीं । |
| | | | | | 5—किसी समाचार पत्र/नियतकालिक पत्र को अखबारी कागज देने की मूल हकदारी का निश्चय भारत के समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार, नई दिल्ली करेंगे । इसका आधार उस समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र को अखबारी कागज की वास्तविक खपत होगी, जो औसत प्रचार संख्या का, औसत पृष्ठ संख्या और वास्तव में प्रकाशित पृष्ठ क्षेत्र को ध्यान में रखकर निश्चित की जायेगी । 1970—71 या 1971—72 के वर्ष की खपत में से जिस वर्ष की खपत कम होगी उसी को वास्तविक खपत का आधार माना जाएगा । यह आधार उन दैनिक समाचारपत्रों के लिए नहीं होगी जिनकी वास्तविक पृष्ठ संख्या 1970—71 या 1971—72 में औसतन दस पृष्ठों से अधिक थी । दस से अधिक औसत पृष्ठ संख्या वाले दैनिक समाचारपत्रों को अखबारी कागज देने की मूल |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | हकदारी का निश्चय करते हुए दस पृष्ठों के अधिकतम औसत के अतिरिक्त 1970–71 की औसत प्रचार संख्या या 1971–72 की अखबारी कागज देने की नीति के अनुसार मान्य प्रचार संख्या को भी ध्यान में रखा जाएगा । इन दोनों प्रचार संख्याओं में से जिसके अनुसार अखबारी कागज की खपत अधिक होगी उसी के आधार पर मूल हकदारी निश्चित की जाएगी । इसके अलावा अखबारी कागज देने की नीति से सम्बद्ध सार्वजनिक सूचना की टिप्पणी संख्या सात को शर्तों के अनुसार मान्य वृद्धि की भी अखबारी कागज देने की मूल हकदारी का निश्चय करते हुए ध्यान में रखा जाएगा । उपरोक्त नीति की घोषणा सार्वजनिक सूचना संख्या आई टी सी (पी एन)/71 तिथि 7-4-1971 को की गई थी 6 अखबारी कागज की हकदारी की पूर्ति उपर्युक्त पैरा पांच की शर्तों के अनुसार आवेदकों के नाम आयात लाइसेंस (सों) या प्राधिकरण (णों) को जारी कर निम्नलिखित तरीके से की जायेगी :— |

| वार्षिक हकदारी | आयातित अखबारी कागज की स्वीकृत मात्रा | नैपा कारखाने द्वारा निर्मित देशी अखबारी कागज की स्वीकृत मात्रा | मुक्त संसाधनों से सीधे लाइसेंस द्वारा प्राधिकृत स्वीकृत मात्रा | सूचीबद्ध आयातों से स्वीकृत मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | मानक अखबारी कागज तथा देशी अखबारी कागज | | |
| दैनिक समाचार पत्र (उनके रविवारीय संस्करणों के साथ) | | | | |
| (क) 100 टन से कम | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| (ख) 100 टन या उससे अधिक किन्तु 400 टन से कम | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं | भारत के समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार द्वारा निश्चय किया जाना है :- | |
| (ग) 400 टन या उससे अधिक किन्तु 100 टन से कम । | 90 प्रतिशत | 10 प्रतिशत | | |
| (घ) 100 टन या उससे ऊपर, किन्तु 200 टन से कम । | 85.5 प्रतिशत | 17.5 प्रतिशत | | |
| (ङ) 2000 टन और उससे ऊपर | 75 प्रतिशत | 25 प्रतिशत | | |
| नियतकालिक पत्र | | | | |
| (क) 100 टन से कम | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं |
| (ख) 100 टन से ऊपर | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं | भारत के समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार द्वारा निश्चय किया जाना है । | |
| चमकीला (ग्लेज्ड) अखबारी कागज | | | | |
| सारी हकदारी | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं | 100 प्रतिशत | कुछ भी नहीं |

टिप्पणी :—

1. 'मुक्त संसाधनों' से लाइसेंस प्राप्त नामक अखबारी कागज का आयात समाचारपत्रों को भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड द्वारा विदेश स्थित विशिष्ट संभरकों के साथ किए गए ठेकों के अनुसार करना पड़ेगा । चूंकि संभरक 25.00 टन से कम का आर्डर स्वीकार नहीं करते इसलिए 25.00 टन से कम की हकदारी वाले समाचारपत्रों को एक सीधा लाइसेंस दिया जाएगा बशर्ते कि वे निर्धारित आयातक के द्वारा आयात की व्यवस्था करें तथा 'जे' फार्म में उसका उल्लेख करें । अन्यथा, उन्हें भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड से अखबारी कागज पाने की स्वीकृति दे दी जाएगी ।

2. (क) जो नियतकालिक पत्र चमकीला (ग्लेज्ड) अखबारी कागज इस्तेमाल करते हैं उन्हें चमकीला/रोटोग्रेव्युर अखबारी कागज उतना ही दिया जाएगा जितने के लिए वे 1971–72 में हकदार थे । उनकी हकादारी की शेष मात्रा की पूर्ति अनग्लेज्ड आयातित अखबारी कागज से

की जाएगी । ग्लेज्ड/रोटो ग्रेच्युर अखबारी कागज ऐसे नियतकालिक पत्रों को भी 4 पृष्ठों के लिए दिया जाएगा जिन्हें कभी ऐसा अखबारी कागज या आर्ट पेपर नहीं दिया गया । इन को ऐसा अखबारी कागज टिप्पणी 5 के अधीन उनकी निम्नांकित उनकी बुनियादी हकदारी के अनुसार दिया जाएगा ।

(ख) 55 ग्राम किस्म का इस्तेमाल करने वाले नियतकालिक पत्रों की पूरी हकदारी की पूर्ति रोटो-ग्रेच्युर देकर की जायेगी । 60 ग्राम किस्म का इस्तेमाल करने वाले नियतकालिक पत्रों की पूरी हकदारी की पूर्ति ग्लेज्ड अखबारी कागज देकर की जायेगी ; बशर्ते कि पूरी हकदारी 100 टन से कम हो । अन्य पत्रों को ग्लेज्ड (60 ग्राम) और रोटोग्रेच्यूर (55 ग्राम) बराबर बराबर मात्रा में दिया जाएगा ।

3. सभी श्रेणियों के लिए अखबारी कागज केवल रीलों में दिया जाएगा । जिन समाचारपत्रों की हकदारी 25 टन तक है उन्हें रीलों को शीटों में बदलने के लिए मानक अखबारी कागज की 10 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त मात्रा दी जाएगी ।

4. नेपा अखबारी कागज सामान्यत : 10 टन से कम मात्रा में नहीं दिया जाएगा ।

5. हकदारी के अनुसार अखबारी कागज का जो आवंटन निश्चित किया गया है, यह विदेशी मुद्रा या अखबारी कागज या उनमें किसी एक या दोनों की उपलब्धता पर निर्भर है । ऐसी स्थिति में, जब किसी एक या दोनों में कमी हो जाये, तो उसमें उपयुक्त कमी कर दी जाएगी ।

6. मानक अखबारी कागज और नेपा कागज के लिए भी हकदारी का हिसाब 53 ग्राम वास्तविकता पर लगाया जाएगा ? नेपा अखबारी कागज की हकदारी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत का जो इस प्रकार हिसाब लगाया गया है वह अधिक ग्राम की क्षतपूर्ति के रूप में दिया जाएगा ।

7. उन आवेदन-पत्रों के संबंध में जो 1 सितम्बर, 1972 के बाद प्राप्त होंगे, उनकी हकदारी की कटौती निम्नलिखित प्रकार से की जाएगी :—

(1) 30-11-1972 तक प्राप्त किए गए आवेदन-पत्र.....10 प्रतिशत

(2) 30-11-1972 के बाद और 1-2-1973 तक प्राप्त किए गए आवेदन-पत्र.....20 प्रतिशत

(3) 1-2-1973 के बाद और 31-3-1973 तक प्राप्त आवेदन-पत्र—40 प्रतिशत

8. मानक अखबारी कागज तथा नेपा अखबारी कागज के लिये कुल हकदारी का हिसाब 53 ग्राम वास्तविक पर लगाया जाता है । इसमें हकदारी का 10 प्रतिशत भी शामिल है जो आने-जाने में या मशीन कक्ष में खराब हो जाने वाले अखबारी कागज की क्षतिपूर्ति के लिये दिया जाता है । खराब हो जाने वाले अखबारी कागज की क्षतिपूर्ति के लिए दी जाने वाली यह मात्रा अब घट कर 7 प्रतिशत हो गई है ।

7. वृद्धि

आवेदन-पत्र देने पर निम्नलिखित विधि से दैनिक समाचारपत्रों को प्रचार संख्या में वृद्धि करने की स्वीकृति उस आधार पर दी जाएगी जिसके अनुसार टिप्पणी-(पांच) के अधीन मूल हकदारी निश्चित हो गई है :—

(क) दैनिक समाचार-पत्र

| | |
|---|---|
| (1) दैनिक समाचार-पत्र जिनकी प्रचार संख्या 1,00,000 प्रतियों तक है । | उनकी मूल हकदारी की 10 प्रतिशत अधिक की वृद्धि । यह वृद्धि आयतित अखबारी कागज में दी जाएगी । |
| (2) दैनिक समाचार-पत्र जिनकी प्रचार संख्या 1,00,000 प्रतियों से ज्यादा है । | उनकी मूल हकदारी 3 प्रतिशत अधिक की वृद्धि । यह वृद्धि आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी। |

(ख) नियतकालिक पत्र

| | |
|---|---|
| (1) नियतकालिक पत्र जिनकी प्रचार संख्या 1,00,000 प्रतियों तक है । | उनकी मूल हकदारी से 10 प्रतिशत अधिक की वृद्धि । यह वृद्धि आयतित अखबारी कागज में दी जाएगी । |
| (2) नियतकालिक पत्र जिनकी प्रचार संख्या 1,00,000 प्रतियों से अधिक है । | उनकी मूल अहकदारी से 5 प्रतिशत अधिक की वृद्धि । यह वृद्धि आयतित अखबारी कागज में दी जाएगी । |

टिप्पणी :—

1. विशिष्ट अनुरोध पर साप्तहिक पत्रों में वृद्धि की स्वीकृति उपरोक्त (सात ख) के आधार पर मान्य वृद्धि के बदले स्वीकार की जाएगी अर्थात् साप्तहिक पत्रों के पृष्ठों में मानक अकार के दो पृष्ठों की वृद्धि की जा सकेगी, किन्तु इस वृद्धि से मानक आकार के पृष्ठों की संख्या बढ़कर 16 से अधिक नहीं होनी चाहिए । यह वृद्धि टिप्पणी—5 की शर्तों के अनुसार निर्धारित बुनियादी हकदारी पर आधारित पृष्ठ संख्या होगी ।

2 जो नियतकालिक पत्र चमकीला अखबारी कागज इस्तेमाल करते हैं, उन्हें अनग्लेज्ड आयातित अखबारी कागज के रूप में वृद्धि दी जाएगी ।

(ग) टिप्पणी 5 के अधीन औसत पृष्ठ संख्या पर निर्धारित मूल हकदारी की 20 प्रतिशत वृद्धि दैनिक पत्रों को आवेदन करने पर स्वीकृत की जाएगी किन्तु उनके पृष्ठों की संख्या में 10 से अधिक की वृद्धि नहीं होनी चाहिये ।

(घ) उपयुक्त (क), (ख) और (ग) में उल्लेखित वृद्धि के अतिरिक्त वर्तमान दैनिक समाचार-पत्रों और नियतकालिक पत्रों को वृद्धि की स्वीकृति दी जाएगी, भले ही इन वृद्धियों के स्वीकृत किये जाने पर उनकी हकदारी उस हकदारी से कम है जिसके लिए वे नीचे की टिप्पणी (नौ) के अधीन दैनिक नियतकालिक के रूप में स्वीकार्य होते ।

आठ—टिप्पणी (सात) में उल्लखित आवंटन को छोड़कर, समाचारपत्रों/नियतकालिक पत्रों की प्रचार संख्या, पृष्ठ संख्या, पृष्ठ क्षेत्रफल तथा आवधिकता में वृद्धि के कारण, उन्हें टिप्पणी (पांच) में निर्धारित हकदारी से अधिक अखबारी कागज नहीं दिया जाएगा। लेकिन लाइसेंस अविध के लिए स्वीकृत, अखबारी कागज की मात्रा के भीतर प्रत्येक समाचार पत्र नियतकालिक पत्र को अपने पृष्ठों की संख्या तथा पृष्ठ-क्षेत्रफल और आवधिकता घटाकर प्रचार संख्या बढ़ाने की स्वतंत्रता होगी। किन्तु अपनी आवश्यकताओं को पूर्ति के लिए प्रचार संख्या घटाकर पृष्ठों की संख्या, पृष्ठों के क्षेत्रफल और अवधिकता बढ़ाने की स्वतंत्रता नहीं होगी। टिप्पणी सात (ग) के अधीन स्वीकृत वृद्धियों का लाभ उठाकर दैनिक समाचार पत्र ये हेर-फेर नहीं कर सकेंगे। इनवृद्धियों से केवल पृष्ठों की संख्या बढ़ाई जा सकती है, प्रचार संख्या नहीं। समान स्वामित्व इकाई को यह अनुमति नहीं होगी कि वे एक इकाई का स्वीकृत कोटा अपने विभिन्न प्रकाशनों के लिए इस्तेमाल कर लें चाहे भले ही वे प्रकाशन उसी शीर्षक/नाम से क्यों न हों।

टिप्पणी : समाचार पत्र/नियतकालिक पत्र टिप्पणी संख्या 5 और 7 के अधीन दिये गये अखबारी कागज से अधिक मात्रा में अखबारी कागज की खपत या उनका इस्तेमाल नहीं करेंगे। अनिवार्य वस्तु कानून 1955 की धारा तीन के अधीन जारी किये गये अखबारी कागज नियंत्रण आदेश संख्या सी एच/टी–18(ए)/62 तिथि 17–1–1962 के खण्ड (3) और उपखण्ड (3)(ए) (संशोधन संख्या 8–26–62–टीन एन पी तिथि 29–12–1962) को एक साथ पढ़ने पर यह व्यवस्था स्पष्ट हो जाती है

9(क)—नये समाचार पत्रों और नियतकालिक पत्रों को अखबारी कागज के बारे में अनुमति

नये दैनिक समाचार पत्रों और नियतकालिक पत्रों के प्रकाशनों को प्रकाशन शुरू करने से पहले भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार से यह अनुमति लेनी होगी कि अखबारी कागज मिल सकता है। अखबारी कागज देने की नीति के अधीन यह अनुमति प्राप्त करने के लिये आवेदन करते समय परिशिष्ट संख्या 4 के अनुसार सूचनाएं देनी होंगी।

(ख) नये दैनिक समाचार पत्र

नये दैनिक समाचार पत्रों को प्रकाशन शुरु होने के पहले तीन महीनों में इतना अखबारी कागज दिया जाएगा जिससे कि प्रति प्रकाशन दिवस के अनुसार मानक आकार (393.75 वर्ग इंच) के आठ पृष्ठों के अखबार की प्रचार संख्या दस हजार तक कर सकें। पहले तीन महीनों के लिए राज्य व्यापार निगम के स्टाक से विदेशी अखबारी कागज दिया जाएगा। इसके लिये आवेदनकर्ताओं को वास्तविक उपयोक्ता आवेदन ('जे' फार्म) के दसवें कालम के अनुसार मांगी गई कागज की मात्रा के मूल्य के 75 प्रतिशत के बाण्ड भरने होंगे। किसी अनुसूचित बैंक से इन बाण्डों की गारण्टी दिलानी होगी। ये बाण्ड इसलिये भरने होंगे ताकि यह निश्चित व्यवस्था हो सके कि दिया हुआ विदेशी अखबारी कागज नया दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित करने के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार या आयात-निर्यात मुख्य नियंत्रक को लिखित गवाही से यह विश्वास हो जाने पर कि अखबारी कागज, सम्बद्ध समाचार पत्र के प्रकाशन के लिये इस्तेमाल किया गया है यह बाण्ड रद्द कर दिया जाएगा। दैनिक समाचार पत्र के नियमित रूप से तीन महीनों तक प्रकाशित होने के बाद नये दैनिक समाचार पत्र को ऐसा प्रमाण (इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट दो में दिये गये रूप में चार्टर्ड लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र) देना होगा जिससे पहले तीन महीनों की औसत प्रचार संख्या, औसत पृष्ठ क्षेत्र और मुद्रित पृष्ठों की संख्या मालूम हो सके। नये समाचार पत्रों के तीन महीने के बाद इस अवधि में प्राप्ति वास्तविक औसात प्रचार संख्या और

वास्तव में मुद्रित औसत पृष्ठ संख्या और पृष्ठ क्षेत्र के आधार पर अखबारी कागज की मात्रा निश्चित की जायेगी किन्तु यह मात्रा मानक आकार के आठ पृष्ठों की 15,000 प्रतियों से अधिक प्रतियों के लिये नहीं होगी :

**(ग) नये साप्ताहिक, त्रिसाप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक पाक्षिक और मासिक नियतकालिक पत्र**

नये साप्ताहिक, त्रिसाप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक नियतकालिक पत्रों को प्रकाशन शुरू होने के पहले तीन महीनों में इतना अखबारी कागज दिया जाएगा जिससे के प्रति प्रकाशन दिवस के अनुसार मानक आकार (393.75 वर्ग इंच) के 8 पृष्ठों के नियतकालिक पत्र की प्रचार संख्या दस हजार तक कर सकें। पहले तीन महीनों के लिये राज्य व्यापार निगम के स्टाक से विदेशी अखबारी काजज दिया जाएगा । इसके लिए आवेदनकर्ताओं को वास्तविक उपयोक्ता आवेदन (जे फार्म) के दसवें कालम के अनुसार मांगी गई कागज की मात्रा के मूल्य के 75 प्रतिशत के बाण्ड भरने होंगे । किसी अनुसूचित बैंक से इन बाण्डों की गारंटी दिलानी होगी । ये बाण्ड इसलिये भरने होंगे ताकि यह निश्चित व्यवस्था हो सके कि दिया हुआ विदेशी अखबारी कागज नया दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित करने के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है । भारत के समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार या आयात निर्यात मुख्य नियंत्रक को लिखित गवाही से यह विश्वास हो जाने पर कि अखबारी कागज, सम्बद्ध समाचार पत्र के प्रकाशन के लिये इस्तेमाल किया गया है यह बाण्ड रद्द कर दिया जाएगा । नियमित रूप से तीन महीनों तक प्रकाशित होने के बाद नये साप्ताहिक, त्रिसाप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक नियतकालिक पत्रों को ऐसा प्रमाण (इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट दो में दिये गये रूप में चार्टर्ड लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र) देना होगा जिसके पहले तीन महीनों की औसत प्रचार संख्या, औसत पृष्ठ क्षेत्र और मुद्रित पृष्ठों की संख्या मालूम हो सके । नये समाचार पत्रों को तीन महीने के बाद इस अवधि में प्राप्त वास्तविक औसत प्रचार संख्या और वास्तव में मुद्रित औसत संख्या और पृष्ठ क्षेत्र के आकार पर अखबारी कागज की मात्रा निश्चित की जायेगी किन्तु यह मात्रा मानक आधार के आठ पृष्ठों की 15,000 से अधिक प्रतियों के लिए नहीं होगी किन्तु पाक्षिक और मासिक नियतकालिक पत्रों के लिये अखबारी कागज की मात्रा मानक आकार के 16 पृष्ठों की 15,000 से अधिक प्रतियों के लिये नहीं होगी ।

**(घ) नये नियतकालिक पत्र साप्ताहिक, त्रिसाप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक से भिन्न**

ऐसे नियतकालिक पत्रों को प्रकाशन के पहले तीन महीनों के लिये अखबारी कागज नहीं दिया जायेगा । तीन महीने तक नियमित रूप से प्रकाशित होने के बाद ऐसे नियतकालिक पत्र को वास्तविक उपयोक्ता फार्म पर आवेदन करना चाहिए । इस आवेदन के साथ परिशिष्ट चार में मांगी गई सूचना तथा चार्टर्ड लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र भी देना चाहिए । इस प्रमाण पत्र से यह पता चलना चाहिये कि प्रकाशन के पहले तीन महीनों में पत्र की औसत प्रचार संख्या कितनी हो गई तथा मुद्रित पृष्ठों तथा पृष्ठ क्षेत्र की औसत क्या रहा । नये नियतकालिक पत्रों को लाइसेंस देने की शेष अवधि के लिये पहले तीन महीनों की वास्तविक औसत प्रचार संख्या और वस्तुतः मुद्रित औसत पृष्ठ संख्या तथा औसत पृष्ठ क्षेत्र के आधार पर अखबारी कागज देने का निश्चय किया जाएगा किन्तु अखबारी कागज की यह मात्रा इन नियतकालिक पत्रों के मानक आकार के 16 पृष्ठों की 15,000 प्रतियों से अधिक प्रतियों के लिए नहीं होगी ।

(ङ) जिन प्रकाशित समाचार पत्रों ने 1971–72 में अखबारी कागज इस्तेमाल करने की अनुमति या लाइसेंस नहीं लिया है उन पर उपरोक्त पैरा 9 (क), (ख), (ग), (घ) और (ङ) की शर्तें लागू होंगी ।

10. किसी समान स्वामित्व वाले एकक द्वारा प्रकाशित ऐसे समाचार पत्र (पत्रों) के लिये अखबारी कागज नहीं दिया जायेगा जिन्हें अखबारी कागज का कोटा नहीं दिया गया था। समान स्वामित्व वाले एकक द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले या अपने अधिकार में लिये गये नये समाचार पत्र (पत्रों) के लिये अखबारी कागज नहीं दिया जायेगा, न ही ऐसे एककों को प्राप्त अखबारी कागज के कोटे में से नया समाचार पत्र (पत्रों)/नियतकालिक पत्र (पत्रों) को प्रकाशित करने दिया जायेगा।

**टिप्पणी** :—इस सूचना के लिए "समान स्वामित्व एकक" का अभिप्राय ऐसे समाचार पत्र संगठन या व्यापारिक संस्था से है जो दो या इससे अधिक समाचारप्रधान पत्र प्रकाशित करता है और जिनमें से कम से कम एक दैनिक समाचार पत्र है, चाहे ये समाचार पत्र किसी भी स्थान से और किसी भी भाषा में क्यों न प्रकाशित होते हों।

11. निम्नलिखित वर्गों के समाचार पत्रों को अखबारी कागज नहीं दिया जायेगा चाहे उनका वर्गीकरण समाचारपत्रों में क्यों न हो—

(क) मुख्य रूप से सेवा या सामान की बिक्री बढ़ाने के लिये प्रकाशित समाचार पत्र।

(ख) व्यक्तियों/फर्मों/औद्योगिक संस्थाओं द्वारा प्रकाशित निजी पत्र पत्रिकाएं।

(ग) मूल्य सूचियां तथा सूची पत्र।

(घ) मुफ्त बांटा जाने वाला साहित्य।

(ङ) कथा साहित्य।

(च) रेस (आवधावन प्रतियोगिता) के गाइड।

(छ) विद्यालयों/महाविद्यालयों की पत्रिकाएं।

(ज) अध्यापन पत्रिकाएं/अध्यापन गाइड।

12. यदि किसी समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र ने 1971–72 में स्वीकृत पूरी मात्रा—जिसमें मध्यावधि चुनाव के दौरान बढ़ाया गया कोटा भी शामिल है—का उपयोग नहीं किया है तो बची हुई यह मात्रा 1972–73 की स्वीकृत मात्रा में शामिल कर लिया जायेगा। समाचार पत्रों/नियतकालिक पत्रों को इस सार्वजनिक सूचना के दूसरे और पांचवें परिशिष्टों में दिये गये फार्मों के अनुसार 1971–72 के वर्ष के लिये मासिक प्रचार संख्या, पृष्ठ संख्या, पृष्ठ क्षेत्र और प्रकाशन-दिवस-संख्या का विवरण भेजना चाहिए जिसे देख भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार यह पता लगा सकें कि 1971–72 में कितने अखबारी कागज की खपत हुई। 1971–72 की खपत इस अवधि के वास्तविक प्रकाशन दिवसों के आधार पर निश्चित की जायगी। उपरोक्त परिशिष्ट दो में दी गई सूचनाएं किसी चार्टर्ड लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए। यदि किसी समाचार पत्र/नियतकालिक पत्र की प्रचार संख्या प्रति प्रकाशन दिवस 2,000 प्रतियों से कम है तो उसे चार्टर्ड लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है।

**टिप्पणी** :—समाचार पत्रों द्वारा इस्तेमाल की गई/स्टाफ में जमा अखबारी कागज की मात्रा का हिसाब लगाते समय निर्यात संवर्धन आदि योजनाओं के अधीन 1971–72 में दिये गये अखबारी कागज का भी हिसाब रखा जायेगा। इससे सम्बद्ध विवरण सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट पांच और वास्तविक उपभोक्ता आवेदन (अ पाने) के 11वें और 12वें खाने में दिया जाना चाहिए।

13. अखबारी कागज देने या इसकी खपत का हिसाब लगाने के लिए समाचार पत्र की मुफ्त भेजी गई प्रतियों, बिना बिकी लौटाई गई प्रतियों और ऐसी प्रतियों का भी हिसाब लगाया जायेगा जो न तो मुफ्त दी गई हैं और न ही बिकी हैं, बशर्ते इनकी मात्रा मुद्रण-आदेश के उचित प्रतिशत के अनुसार हो और किसी भी हालत में निम्नलिखित सीमाओं से अधिक न हो :—

| प्रचार संख्या | दैनिक त्रिसाप्ताहिक और द्विसाप्ताहिक | साप्ताहिक और पाक्षिक | मासिक, त्रमासिक और अन्य |
|---|---|---|---|
| 2,500 तक . . . | 10 प्रतिशत | 20 प्रतिशत | 25 प्रतिशत |
| 2,500 और 5,000 के बीच | 10 प्रतिशत | 15 प्रतिशत | 20 प्रतिशत |
| 5,000 और 10,000 के बीच . | 10 प्रतिशत | 10 प्रतिशत | 15 प्रतिशत |
| 10,000 से अधिक . . | 5 प्रतिशत | 5 प्रतिशत | 10 प्रतिशत |

14. जिन समाचार पत्रों/नियतकालिक पत्रों ने प्रेस और पुस्तक पंजीकरण कानून 1867 की धारा 11 ख और समाचार पत्र पंजीकरण (केन्द्रीय) नियम 1956 के अधीन 1971-72 में प्रकाशित प्रतियां नहीं भेजी हैं उनके बारे में उपरोक्त 12वीं टिप्पणी के अनुसार अखबारी कागज की खपत में निम्नलिखित कटौती की जायेगी :—

50 प्रतिशत से अधिक किन्तु 75 प्रतिशत से कम नियमितता . 25 प्रतिशत

25 प्रतिशत से अधिक किन्तु 50 प्रतिशत से कम नियमितता] . 50 प्रतिशत

जिन समाचार पत्रों की नियमितता 25 प्रतिशत से कम है उन्हें आमतौर पर कोई कोटा नहीं दिया जायेगा ।

15. जिन छोटे अखबारों को अखबारी कागज मिल सकता है और जो 40.00 टन वार्षिक से कम मात्रा के लिये लाइसेंस लेना चाहते हैं उन्हें आयात लाइसेंस फीस नहीं देनी होगी और न ही आय कर प्रमाणीकरण संख्या देनी होगी । किन्तु आर्ट पेपर के कोटे के लिये दिये जाने वाले आवेदनों पर यह छूट लागू नहीं होगी ।]

16. यदि कोई वास्तविक उपयोगकर्ता मिले हुए लाइसेंस से अखबारी कागज या आर्ट पेपर का आयात नहीं करता तो वह ऐसी किसी फर्म या व्यक्ति के नाम अधिकार पत्र जारी करने को लिख सकता है जिसके द्वारा वह यह कागज आयात करना चाहता है बशर्ते उस फर्म या व्यक्ति के पास अखबारी कागज का कोटा सर्टिफिकेट हो अथवा वह माल भेजने वाली विदेशी कम्पनी का सोल एजंट हो ।]

17. **आर्ट पेपर**—(क) जिन नियतकालिक पत्रों को 1971–72 में आवरण पृष्ठों या अन्दर के पृष्ठों के लिये आर्ट पेपर के लाइसेंस दिये गये थे उन्हीं को आवरण पृष्ठों और/या अन्दर के पृष्ठों के लिये आर्ट पेपर मंगाने के वास्ते लाइसेंस दिये जायेंगे ।

(ख) अखबारी कागज पर छपे जिन नियतकालिक पत्रों को आवरण पृष्ठों के लिये आर्ट पेपर का लाइसेंस दिया गया है और जिन पत्रों की पृष्ठ संख्या 100 प्रति प्रकाशन दिवस है उनके आवरण पृष्ठ का प्रति वर्गमीटर भार 100 ग्राम से अधिक नहीं होगा और जिन नियतकालिक पत्रों की पृष्ठ संख्या 100 से अधिक है उनके आवरण पृष्ठ का भार 135 ग्राम से अधिक नहीं होगा। आर्ट पेपर पर छपे नियतकालिक पत्रों के बारे में प्रत्येक पत्र के मामले पर विचार करके भारी आवरण पृष्ठ मंगाने का लाइसेंस दिया जा सकेगा; इस बारे में भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।]

(ग) आवरण पृष्ठों और/या अन्दर के पृष्ठों के लिये आर्ट पेपर की मात्रा का निर्धारण 1971–72 की औसत प्रचार संख्या तथा आवरण पृष्ठों और/या अन्दर के पृष्ठों की संख्या के आधार पर किया जायेगा। 1971–72 में जितना देशी और विदेशी आर्ट पेपर दिया गया था उसके अधिक नहीं दिया जायेगा। इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट 2 के अनुसार चार्टर्ड लेखा परीक्षक के प्रमाण पत्र के अतिरिक्त इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट 3 के अनुसार भी चार्टर्ड लेखा–परीक्षक का प्रमाणपत्र दिया जाना चाहिए।

18. आर्ट पेपर के लाइसेंस वार्षिक आधार पर दिये जायेंगे। अप्रैल, 1972 से मार्च, 1973 तक के वर्ष की आयात निर्यात नीति पुस्तक (रेड बुक) में वार्षिक लाइसेंसों के लिए जो शर्तें निर्धारित हैं वही शर्तें आर्ट पेपर के लाइसेंसों पर भी लागू होंगी। चिकने (ग्लेज्ड) और स्टैण्डर्ड अखबारी कागज के लाइसेंस भी वार्षिक आधार पर दिये जायेंगे। किन्तु इन लाइसेंसों पर यह शर्त लागू होगी कि लाइसेंस में निर्धारित मात्रा और लागत का आधा कागज 30 सितम्बर, 1972 तक इस्तेमाल किया जा सकेगा। शेष 50 प्रतिशत कागज का उपयोग करने के लिये वास्तविक उपयोक्ता को चिकने (ग्लेज्ड) और स्टैण्डर्ड अखबारी कागज के लाइसेंस प्रमाणीकरण के लिये लौटाने की आवश्यकता नहीं होगी। चिकने और स्टैण्डर्ड अखबारी कागज के जिन लाइसेंसों में कागज का मूल्य 20 हजार रुपये तक का होगा उन्हें किसी भी समय लाइसेंस की निर्धारित अवधि के अन्दर एक ही बार में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इन पर 30 सितम्बर, 1972 तक लाइसेंस की आधी मात्रा मंगाने की शर्त लागू नहीं होगी।

19. भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार आवश्यक होने पर इस सार्वजनिक सूचना में छोटे-मोटे परिवर्तन कर सकेंगे।

## परिशिष्ट 2

**अप्रैल, 1971—मार्च, 1972 की अवधि के लिए प्रचार संख्या आदि के संबंध में चार्टर्ड एकाउंटेंट के प्रमाण-पत्र का फार्म**

(यह प्रमाण-पत्र चार्टर्ड एकाउंटेंट के सरनामे पर टाइप किया जाए)

1. समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का नाम
2. प्रकाशन का स्थान
3. भाषा
4. आवर्तिता (पिरियोडिसिटी)

| | अप्रैल 71 | मई 71 | जून 71 | जुलाई 71 | अगस्त, 71 | सितंबर 71 | अक्टूबर 71 | नवम्बर 71 | दिसंबर 71 | जनवरी 72 | फरवरी 72 | मार्च 72 | 1/4/71 से 31/3/72 तक की अवधि का औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) 1/4/71 से 31/3/72 तक की प्रति प्रकाशन दिवस के हिसाब से छापी गई प्रतियों की औसत संख्या (माहवार) | | | | | | | | | | | | | |
| (ख) 1/4/71 से 31/3/72 तक प्रति प्रकाशन दिवस के हिसाब से बेची गई प्रतियों की औसत संख्या (माहवार) | | | | | | | | | | | | | |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ग) 1/4/71 से 31/3/72 तक प्रति प्रकाशन दिवस के हिसाब से मुफ्त बांटी गई प्रतियों (मानार्थ, वाउचर, विनिमय, बोनस, नमूने और कार्यालय प्रतियों समेत) की औसत संख्या (माहवार) | | | | | | | | | | | | | |
| (घ) अनबिकी और अन्य मुद्रित प्रतियों की औसत संख्या (माहवार) जो (ख) और (ग) में शामिल नहीं की गई । | | | | | | | | | | | | | |
| (ङ) 1/4/71 से 31/3/72 तक समाचार पत्र/नियत-कालिक पत्र के पृष्ठों का औसत आकार (वर्ग इंचों में) (माहवार) | | | | | | | | | | | | | |
| (च) 1/4/71 से 31/3/72 तक प्रति प्रकाशन दिवस के हिसाब से समाचारपत्र/ नियतकालिक पत्र के पृष्ठों की औसत संख्या (माहवार) | | | | | | | | | | | | | |

(छ) 1/1/71 से 31/3/72 तक प्रकाशन दिवसों की वास्तविक संख्या (महावार)

प्रकाशक के हस्ताक्षर.....

तिथि.....

चार्टर्ड एकाउंटेंट का प्रमाण-पत्र

मैंने/हमने 1/4/71 से 31/3/72 तक की अवधि तक ..... में प्रकाशित.....

(पत्र का नाम, भाषा और आवर्तिता)

के हिसाब किताब की जांच कर ली है और अपने लिए आवश्यक सभी जानकारी और विवरण प्राप्त कर लिया है। मेरे/हमारे विचार में 1/4/71 से 31/3/72 तक की अवधि के लिए दिया गया उपरोक्त विवरण मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास तथा हिसाब किताब आदि में मुझे/हमें दिखाए गए विवरण के अनुसार प्रचार-संख्या, पृष्ठों की संख्या, आकार, और प्रकाशन दिवसों की संख्या का सही विश्लेषण है।

तिथि .....

(चार्टर्ड एकाउंटेंट की मुहर)

हस्ताक्षर.....

(पूरा पता)

चार्टर्ड एकाउंटेंट

पंजीकरण संख्या

पता

---

टिप्पणी :—यदि माहवारी औसत प्रचार संख्या 2,000 प्रतियों से अधिक हो तो अलग से प्रत्येक प्रकाशन दिवस के हिसाब से मुद्रित, बेची गईं, मुफ्त बांटी गई आदि प्रतियों की औसत संख्या; पृष्ठ संख्या और पृष्ठ क्षेत्र के बारे में चार्टर्ड एकाउंटेंट का प्रमाण-पत्र दिया जाना चाहिए। यदि माहवारी प्रचार संख्या 2,000 प्रतियां या इससे कम हो तो उपरोक्त परिशिष्ट का विवरण प्रकाशक के हस्ताक्षर से ही भेजा जाना चाहिए।

परिशिष्ट 3

लाइसेंस अवधि अप्रैल, 1971–मार्च, 1972 के दौरान.....

(पत्र का नाम, भाषा आवर्तिता और प्रकाशन का स्थान)

के प्रकाशन में आर्ट पेपर की खपत का विवरण

(चार्टर्ड एकाउंटेंट के सरनामे पर टाइप किया जाये)

| क्रम संख्या | आर्ट पेपर का वजन (ग्राम में) | आयातित | | देसी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | परिमाण (टनों में) | मूल्य (रु० में) | परिमाण (टनों में) | मूल्य (रु० में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

प्रकाशक के हस्ताक्षर.....

पूरा नाम .....

स्थान .....

तिथि .....

चार्टर्ड एकाउंटेंट का प्रमाण-पत्र

मैं/हम..... पंजीकृत चार्टर्ड एकाउंटेंट.....

(पूरा पता) निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं/करते हैं कि मैंने/हम ने ..... से

(पता)

प्रकाशित..... के 1 अप्रैल, 1971 से 31 मार्च, 1972

(पत्र का नाम, भाषा और आवर्तिता)

तक की अवधि के हिसाब किताब की जांच कर ली है और मैं/हम प्रमाणित करता हूं/ करते हैं कि मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास तथा मुझ/हमें दी गई सूचना के अनुसार उपरोक्त विवरण उपरोक्त अवधि के दौरान उपरोक्त पत्र के प्रकाशन में आयातित और देसी आर्ट पेपर की खपत का सही विश्लेषण है ।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि औसत पृष्ठ संख्या, जिसके लिए आर्ट पेपर की खपत का ऊपर दावा किया गया है, परिशिष्ट–2 में दी गई जानकारी में शामिल/शामिल नहीं की गयी है ।

हस्ताक्षर.....

पूरा नाम .....

चार्टर्ड एकाउंटेंट

की पंजीकरण संख्या .....

स्थान .....

तिथि .....

चार्टर्ड एकाउंटेंट (ों) की मुहर

## परिशिष्ट 4

टिप्पणी 1—अखबारी कागज के लिए आवेदन देने वाले सभी नये दैनिकों और नियतकालिक पत्रों के लिए निकासी सम्बन्धी निम्नलिखित विवरण दिया जाना आवश्यक है । ऐसे दैनिकों और नियतकालिक पत्रों को भी, जिन्हें पहले अखबारी कागज नहीं दिया गया है, यह विवरण देना है ।

2—निकासी सम्बन्धी यह विवरण, नवीनतम वास्तविक उपयोक्ता फार्म (फार्म 'ज') में आवेदन (2 प्रतियां) के साथ दिया जा सकता है ।

3—सभी उत्तर शब्दों में दिये जाने चाहिए । डैश और काटने का चिह्न का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए ।

1. समाचार पत्र का नाम

2. भाषा

3. आवर्तिता (दैनिक के मामले में यह बताया जाए कि इसका प्रकाशन सप्ताह में सातों दिन या कम दिन होता है । साप्ताहिक के मामले में यह सूचना दी जाए कि यह हर सप्ताह प्रकाशित होता है या महीने में चार बार)

4. पत्र का पूरा (डाक) पता

5. अगर पत्र का प्रकाशन शुरू नहीं हुआ हो, तो

(क) प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि

(ख) पत्र के एक पृष्ठ का प्रस्तावित आकार :—

(i) लम्बाई .....सेंटीमीटर

(ii) चौड़ाई .....सेंटीमीटर

(iii) पृष्ठ क्षेत्र .....वर्ग सेंटीमीटर

(ग) प्रस्तावित पत्र की प्रत्येक प्रति की औसत पृष्ठ संख्या

(घ) प्रस्तावित औसत प्रचार संख्या

(i) प्रस्तावित मुद्रित प्रतियों की औसत संख्या

(ii) अनुमानित बिक्री की प्रतियों की औसत संख्या

6. (क) मालिक का नाम और पता — नाम — पता

(ख) अगर मालिक कम्पनी, फर्म आदि हो तो उसके/उनके निदेशक (गण), शेयर होल्डर (गण), हिस्सेदार (गण) आदि+ का/के नाम और पता/पते

| नाम | पता | निदेशक, कम्पनी में हिस्सेदार शेयर का आदि जो प्रतिशत हों |
|---|---|---|
| | | |

(ग) क्या मालिक (कम्पनी, फर्म आदि) और ऊपर (ख) में उल्लिखित व्यक्तियों में कोई इस समय या 1962 से कभी किसी अन्य पत्र++ के प्रकाशन से सम्बद्ध रहा है/रहे हैं ?

(घ) अगर ऊपर (ग) का उत्तर 'हां' है तो मालिक आदि का/के नाम और उन समाचारपत्रों का ब्यौरा, जिनसे वे सम्बद्ध रहे हैं, निम्नलिखित फार्म में दिया जाये :—

| क्रम सं० | मालिक आदि का नाम | जिस पत्र से सम्बद्ध हों, उसका ब्यौरा | | सम्बद्ध रहने की अवधि | | किस हैसियत से संबद्ध रहे | अगर कालम 4 में उल्लिखित कंपनी आदि में शेयर होल्डर हों तो शेयर का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नाम, भाषा आवर्तिता और प्रकाशन का स्थान | अगर पत्र का संचालन कंपनी आदि से होता है | से | तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

7. (क) क्या मालिक या ऊपर 6(ख) में उल्लिखित किसी व्यक्ति के परिवार का/के कोई सदस्य इस समय या 1962 से कभी किसी अन्य पत्र†† के प्रकाशन से सम्बद्ध रहा/रहे हों ।

(ख) अगर ऊपर (क) का उत्तर 'हां' है तो परिवार के सदस्यों के नाम और उन समाचारपत्रों का ब्यौरा, जिनसे सम्बद्ध रहे हों, निम्नलिखित फार्म में दिया जाये ।

(1)

| क्रम सं० | मालिक आदि का नाम, जिसके परिवार का सदस्य अन्य पत्र से सम्बद्ध हो | संबंधित परिवार के सदस्य का नाम | परिवार के सदस्य का पता | मालिक आदि से उसका सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

(11)

| क्रम सं० | परिवार के सदस्य का नाम | उन पत्रों का ब्यौरा जिनसे सम्बन्धित हों | | सम्बद्ध रहने की अवधि | | किस हैसियत से सम्बद्ध रहे | अगर कालम 4 में उल्लिखित कंपनी आदि में शेयर-होल्डर हो तो शेयर का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नाम, भाषा आवर्तिता और प्रकाशन का स्थान | अगर पत्र का संचालन कंपनी आदि से होता हो तो कंपनी आदि का नाम | से | तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

8. पत्र का वर्गीकरण** (विषयानुसार)

स्थान .....  प्रकाशक के हस्ताक्षर.....

तिथि .....  पूरा पता.....

†कालम 6 (ख)—निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्तियों के बारे में जानकारी अपेक्षित है :—

| क्रम संख्या | स्वामित्व | जिस श्रेणी के व्यक्तियों के बारे में जानकारी अपेक्षित है |
|---|---|---|
| 1 | कम्पनी | (क) निदेशक |
| | | (ख) 10 प्रतिशत या अधिक शेयर वाले शेयर होल्डर |
| 2 | फर्म | हिस्सेदार |
| 3 | समिति | (क) 10 प्रतिशत या अधिक शेयर वाले सदस्य |
| | | (ख) प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी और सदस्य |
| 4 | संघ (एसोसिएशन) | प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी और सदस्य |
| 5 | ट्रस्ट | ट्रस्टी |

††कालम 6 (ग) और 7 (क).—निम्नलिखित श्रेणियों के पत्रों से सम्बद्ध होने के बारे में भी जानकारी दी जानी है :—

(1) पत्र का भिन्न संस्करण, जिसके लिए अखबारी कागज का आवेदन दिया जा रहा हो ।

(2) समान नाम के पत्र, जिसके लिए अखबारी कागज का आवेदन दिया जा रहा हो, लेकिन जिसकी भाषा और आवर्तिता भिन्न हो ।

कालम 7 (क).—इस विवरण के लिए परिवार के सदस्य से अभिप्राय परिवार के ऐसे सदस्यों (पिता, माता, पत्नी।पति, भाई, भाई की पत्नी, बहन, पुत्र, पुत्रवधू, पुत्री आदि) से है जो संयुक्त परिवार के सदस्य हों या मालिक, निदेशक आदि पर आश्रित हो ।

कालम 8—पत्र इनमें से किसी वर्ग में दिखाया जाये :—

समाचार और सामयिक विषय; साहित्यिक और सांस्कृतिक; (धारावाहिक उपन्यास; धर्म और दर्शन; वाणिज्य और उद्योग; सेवाओं और सामान की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से निकाली गई पत्रिकाएं; प्रतिष्ठान पत्रिकाएं/व्यक्तियों/फर्मों/व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा निकाली गई पत्रिकाएं; मूल्य सूची और विवरण; दवा और चिकित्सा; फिल्म; समाज कल्याण; श्रम; शिक्षा; स्कूल/कालेज की पत्रिकाएं; अध्यापन पत्रिकाएं। अध्यापन गाइड; कानून और लोक प्रशासन; इंजीनियरी और टेक्नालाजी; कृषि और पशुपालन; बालोपयोगी; परिवहन और संचार; बीमा, बैंकिंग और सहकारिता; विज्ञान; वित्त और अर्थशास्त्र; महिला पत्रिकाएं; कला; रेडियो और संगीत; खेल-कूद; रेसिंग गाइड) ।

## परिशिष्ट 5

1/4/71 से 31/3/72 तक की अवधि में समाचारपत्रों/नियतकालिक पत्रों के प्रकाशन में अखबारी कागज की खपत का विवरण

| क्रम संख्या | पत्र का नाम, भाषा, आवर्तिता और प्रकाशन का स्थान | अखबारी कागज की खपत (टनों में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्लेज्ड | | रोटोग्रेव्यूर | अनग्लेज्ड (आयातित) | नेपा | कुल | विशेष |
| | | ग्राम | ग्राम | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

प्रकाशक के हस्ताक्षर.....

पूरा नाम .....

स्थान.....

तिथि.....

टिप्पणी :—नियमित हकदारी और निर्यात प्रोत्साहन संबंधी हकदारी से संबंधित अखबारी कागज की खपत का विवरण अलग से दिया जाए ।

एम० एम० सेन,

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1972